दिनांक 1 जून 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अमृत मिशन फेस टू के तहत 10 उच्चस्तरीय जलागार के निर्माण पूर्ण होने के पश्चात की जा रही है टेस्टिंग, लॉक डाउन में भी स्थानीय श्रमिकों ने किया बेहतरीन काम

भिलाईनगर/ अमृत मिशन फेस टू के अंतर्गत 10 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है लॉक डाउन में भी अमृत मिशन के कार्य को करने के लिए स्थानीय श्रमिकों ने बेहतर योगदान दिया है जिसकी बदौलत कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्य इस विकट परिस्थिति में पूर्ण किया जा चुका है!

10 उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण पश्चात की जा रही है टेस्टिंग अमृत मिशन योजना के तहत 12 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किया जाना है जिसमें से 10 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिसकी टेस्टिंग की जा रही है , लॉक डाउन के दौरान खमरिया एवं कुरूद की पानी टंकी का निर्माण कार्य स्थानीय श्रमिकों के द्वारा किया जाता रहा है और 85% तक पूरा किया जा चुका है!

पैनल में आ चुकी है विद्युत आपूर्ति 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में विद्युत की आपूर्ति के लिए सब स्टेशन स्थापित किया जा चुका है! जिसमें दो लोवर ट्रांसफार्मर एवं दो हायर ट्रांसफार्मर लगाया गया है, दोनों ही ट्रांसफार्मर से मोटर पंप को कनेक्ट किया जा चुका है! विद्युत आपूर्ति आने के बाद इसकी टेस्टिंग प्रक्रिया भी की जा चुकी है! लॉक डाउन में भी इंटरकनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य चलता रहा निरंतर लॉक डाउन के दौरान इंटरकनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य निगम के अधिकारियों के निर्देशन में किया जाता रहा है और इसी दरमियान हाउसिंग बोर्ड के पानी टंकी से जल प्रदाय शुरू भी किया जा चुका है! पाइपलाइन इंटरकनेक्शन का कार्य निगम के कई स्थानों पर चल रहा है! संपवेल एवं वास वाटर टैंक जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्य, बाउंड्री वाल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण जैसे तीन महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं जिसके अंतर्गत 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट के विभिन्न कार्य सम्मिलित है! परिसर में लैंडस्कैपिंग किया गया है, बाउंड्री वॉल निर्माण किया गया, प्रशासनिक भवन भी तैयार है! फिल्टर प्लांट में फिल्टर बेड, फ्लाकुलेटर, संपवेल, वास वाटर टैंक, एरिएशन चेंबर का निर्माण किया जा चुका है! 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में 6 नए मोटर पंप स्थापित किए गए हैं , बिना जल के एवं पंप को चालू किए सभी मोटर की टेस्टिंग की जा चुकी है! 6 मोटर पंपो में से चार मोटर पंप का उपयोग शहर में जलापूर्ति के लिए किया जाएगा , दो मोटर पंप स्टैंडबाई मॉड में रहेंगे यदि एक भी मोटर पंप खराब होगा तो अतिरिक्त रूप से स्थापित किए गए मोटर पंप का उपयोग किया जाएगा!

इस गर्मी फिल्टर प्लांट में नहीं आई खराबी , व्यवस्था पूर्व से रखी गई थी दुरुस्त महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी समय-समय पर जल विभाग के कार्यों

की समीक्षा कर रहे हैं! व्यवस्था दुरुस्त होने के कारण इस गर्मी में फिल्टर प्लांट में किसी भी प्रकार की खराबी नहीं आई तथा सतत रूप से जल प्रदाय किया जाता रहा है , पुराने मोटर पंप को बदलकर नए लगाए जा चुके हैं , शिवनाथ इंटकवेल में भी मोटर पंप को दुरुस्त किया जा चुका है! जल विभाग के अधिकारी/कर्मचारी कार्यों का सतत रूप से निरीक्षण कर रहे हैं! निगम क्षेत्र के कई स्थानों पर इंटरकनेक्शन के कार्य किए जा चुके हैं!